# मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी पेंशनर सोसायटी, उदयपुर

90, केसर भवन (मकान नं. 16/747), सरस्वती चिकित्सालय के पीछे, गणेश नगर,
पहाड़ा, उदयपुर–313001 (राजस्थान)

## सोसायटी का विधान पत्र

1. **सोसायटी का नाम** – इस सोयटी का नाम मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी पेंशनर सोसायटी, उदयपुर है व रहेगा।

2. **पंजीकृत कार्यालय तथा कार्यक्षेत्र**–इस सोसायटी का पंजीकृत कार्यालय वर्तमान में अस्थाई रूप से 90, केसर भवन (मकान नं. 16/747), सरस्वती चिकित्सालय के पीछे, गणेश नगर, पहाड़ा, उदयपुर –313001 (राजस्थान) है तथा कार्यक्षैत्र सम्पूर्ण राजस्थान राज्य रहेगा।

3. **सोसायटी के उद्धेश्य** – इस सोसायटी के उद्धेश्य निम्नलिखित है –

   1. पेंशनरों के अधिकारों व हितों की रक्षा करना तथा सुविधाऐं प्राप्त करना।
   2. पेंशन, ग्रेच्यूटी, रूपान्तरित राशि, अवकाश बाकीयात राशि, भविष्य निधि, आदि से प्राप्त होने वाले लाभों की स्वीकृति तथा भुगतान में विलम्ब से होने वाली कठिनाईयों तथा ऐसी ही अन्य कोई पेंशनर की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करना।
   3. सेवारत राज्य कर्मचारियों के समान ही निःशुल्क चिकित्सा, शिक्षा सुविधायें तथा अन्य सुविधायें पेंशनरों एवं इनके आश्रितों को सुलभ कराना।
   4. पेंशनरों को संगठित करना, उनकी शक्ति तथा अनुभवों को राष्ट्र की प्रगति के लिए सामाजिक, आर्थिक तथा नैतिक उन्नति की योजनाओं में सेवा की दृष्टि से उपलब्ध कराना।
   5. ऐसी कल्याणकारी योजनाऐं प्रस्तुत करना जो पेंशनरों के सामान्य हितों के रक्षार्थ तथा सुविधाऐं प्रदान कराने के लिए आवश्यक हो।
   6. पेंशनरों के मनोरंजन, कल्याण एवं सेवा हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करना।
   7. ऐसे सभी कार्यक्रमों और योजनाओं का निर्माण करना तथा उनको मूर्तरूप दिलाने का प्रयास करना जिनसे पेंशनरों और उनके आश्रितों का सभी तरह का हित होता हो।

8. ऐसे कार्यक्रम/गतिविधियां आयोजित करना जिनसे पेंशनर्स के समय का सदुपयोग हो सके।

9. सोसायटी के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सदस्यों अथवा अन्य साधनों से अतिरिक्त धनराशि जुटाना।

10. समान उद्धेश्य वाली संस्थाओं, सोसायटियों एवं समितियों से सम्बन्ध स्थापित करना।

11. राजस्थान के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों के पेंशनरों के हित–साधन हेतु पेंशनस महासंघ बनाने की ओर प्रवृत्त होना।

12. सेवानिवृत्त सदस्यों को केन्द्र व राज्य सरकारों एवं अन्य संगठनों से मिलने वाले लाभ एवं सुविधाओं से मिलने वाले लाभ एवं सुविधाओं को यथोचित रूप में दिलवाने की व्यवस्था करना।

13. राष्ट्रीय आपदा के समय नैतिक, शारीरिक व आर्थिक रूप से पीड़ितों की यथासंभव सहायता करना एवं राष्ट्रीय उत्थान एवं जन कल्याण के कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग प्रदान करना।

14. वरिष्ठ नागरिकों के लिये अपनी प्रतिभा को प्रकट करने के लिए एक सार्वजनिक मंच तैयार करना।

15. पेंशनर्स की विद्यमान सामाजिक एवं नैतिक समस्याओं पर विचार कर उनका निराकरण करना।

16. सोसायटी के सदस्यों एवं अन्य स्त्रोतों के सहयोग से एक विशेषनिधि का निर्माण करके सोसायटी के उपयोग हेतु एक भवन एवं अतिथिगृह का निर्माण करना।

17. लेखन (वैज्ञानिक/सामाजिक/अन्य) व प्रकाशन (पत्र–पत्रिकाएँ/पुस्तकें, जर्नल आदि) करना।

उपरोक्त उद्धेश्यों की पूर्ति में किसी प्रकार का लाभ निहित नहीं है।

4. हम निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता जिनके नाम, व्यवसाय व पूर्ण पते निम्न प्रकार है इस संघ विधान पत्र के अन्तर्गत इस संस्था (सोसाइटी) के रूप में गठित होने पूर्व इसे रजिस्ट्रीकृत करवाने के इन्छुक है :–

| क्र. सं. | नाम | व्यवसाय | पूर्ण पता | पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. बी.पी. भटनागर पुत्र श्री एल.एस. भटनागर | सेवानिवृत्त प्रोफेसर | 7, विद्यानगर, सेक्टर 4, हिरण मगरी, उदयपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री शान्तिलाल गोदावत पुत्र श्री भूरीलाल गोदावत | सेवानिवृत्त अभियन्ता | 7–बी, सहेलियों की बाड़ी, उदयपुर | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री गोपालकृष्ण मेहरा पुत्र श्री बाबूलाल मेहरा | सेवानिवृत्त सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 90, केसर भवन, सरस्वती चिकित्सालय के पीछे, गणेश नगर, पहाड़ा, उदयपुर | सचिव |
| 4. | श्री राजमल जैन पुत्र श्री एम.एल. कोठारी | सेवानिवृत्त सेक्शन ऑफिसर | ए/10, कोठारी सदन, शिव पार्क कॉलोनी, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर | संयुक्त सचिव |
| 5. | श्री सोहनलाल कोठारी पुत्र श्री रतनलाल कोठारी | सेवानिवृत्त सेक्शन ऑफिसर | एफ–96, हिरण मगरी, सेक्टर 14, उदयपुर | कोषाध्यक्ष |
| 6. | डॉ. एल.एन. वर्मा पुत्र श्री जवाहरलाल वर्मा | सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर | 25, माली कॉलोनी, सिख कॉलोनी के पीछे, उदयपुर | सांस्कृतिक मंत्री |
| 7. | श्री कुँवर जगन्नाथ सिंह भाटी पुत्र श्री ठाकुर विजय सिंह जी | सेवानिवृत्त सुपरिटेन्डेन्ट ऑफ फिजिकल एज्युकेशन | 330, जगविजय सेवा आश्रम चौहान के सामने (उत्तर), उदयपुर | सदस्य |
| 8. | श्री कैलाश चन्द गोयल पुत्र श्री श्यामलाल गोयल | सेवानिवृत्त सहायक कुल सचिव | 35, राजेन्द्र नगर, गायरियावास, उदयपुर | सदस्य |
| 9. | श्री मोहनलाल त्रिवेदी पुत्र श्री भागीरथ त्रिवेदी | सेवानिवृत्त प्रोफेशनल असिस्टेन्ट | पोस्ट एवं गांव बड़गाव, जिला–उदयपुर | सदस्य |
| 10. | श्रीमती हर्षा मेहन्दी रेता पत्नि श्री दीपक मेहन्दी दाता | सेवानिवृत्त कनिष्ठ लिपिक | 23–एफ, युनिवरसिटी स्टाफ क्वार्टर, युनिवरसिटी केमप्स, उदयपुर | सदस्य |
| 11. | श्री भंवरलाल पीछोलिया पुत्र श्री छगनलाल | सेवानिवृत्त जमादार | 196, टेकरी, उदयपुर | सदस्य |
| 12. | डॉ. एल.एन. व्यास | सेवानिवृत्त प्रोफेसर | 7, मीरा मार्ग, सरदारपुरा, उदयपुर | पूर्व अध्यक्ष पदेन सदस्य |
| 13. | डॉ. के.सी. भण्डारी पुत्र श्री एल.एल. भण्डारी | सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर | 97, अशोक नगर, उदयपुर | पूर्व सचिव पदेन सदस्य |
| 14. | श्रीमती कुसुम पाडलिया पत्नि श्री आई.एन. पाडलिया | सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर | 7, धाबाई जी की बाड़ी, अशोक नगर, उदयपुर | म्नोनीत सदस्य |
| 15. | श्री रूपलाल मेनारिया पुत्र श्री नन्दलाल मेनारिया | सेवानिवृत्त बुक लिफ्टर | गांव मेणार, तह. वल्लभनगर, वाया खेरोदा, उदयपुर | मनोनीत सदस्य |

हम निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता प्रमाणित करते है कि उपरोक्त हस्ताक्षरकर्त्ताओं को हम जानते है व उन्होनें हमारे समक्ष हस्ताक्षर किये है। हम यह भी घोषित करते है कि हम सोसायटी के सदस्य है।

1. हस्ताक्षर मय नाम व पद
(नाम/व्यवसाय/पूर्ण पता) राजपत्रित अधिकारी

2. हस्ताक्षर मय नाम व पद
(नाम/व्यवसाय/पूर्ण पता) राजपत्रित अधिकारी